BRAMPTON

Media Release

तुरंत रिलीज के लिए

# ब्रैम्पटन ने प्रांत से नए अस्पताल बेड्स के लिए मुख्य निवेश सुरक्षित किया

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (27 अक्तूबर, 2020) – सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, ब्रैम्पटन की हेल्थ केयर (स्वास्थ्य देखभाल) संबंधी जरूरतों में मदद के लिए, ओनटैरियो के प्रीमियर की घोषणा का स्वागत करती है। आज, मेयर पैट्रिक ब्राउन (Patrick Brown), ब्रैम्पटन के हेल्थकेयर सिस्टम में खास निवेश की घोषणा करने के लिए, प्रीमियर डग फोर्ड (Doug Ford), मिनिस्टर ऑफ हेल्थ क्रिस्टीन एलिओट (Christine Elliott), एसोसिएट मिनिस्टर और एम.पी.पी. (MPP) ब्रैम्पटन साउथ प्रबमीत सरकारिया (Prabmeet Sarkaria) और विलियम ओसलर हेल्थ सिस्टम (William Osler Health System) के प्रेजिडेंट और सी.ई.ओ. (CEO), डा. नावीद मुहम्मद (Naveed Mohammad) से जुड़े। यह कार्रवाई, सिटी की फेयर डील फॉर ब्रैम्पटन (Fair Deal for Brampton) एडवोकेसी अभियान की हिमायत करती है, जो हेल्थ केयर संबंधी फंडिंग में अंतर को दूर करने और हॉलवे मेडिसिन (वार्डों में कमरा न होने के कारण हॉलवे में रोगियों का इलाज करना) को खत्म करने की मांग करती है।

विलियम ओसलर हेल्थ सिस्टम, अस्पताल क्षमता दबाव को खत्म करने और प्रतीक्षा समय को कम करने में मदद के लिए, 87 तक नए रोगी बेड प्राप्त करेगा। इसमें ब्रैम्पटन सिविक अस्पताल (Brampton Civic Hospital) में 41 अस्पताल बेड शामिल हैं।

ओनटैरियो सरकार, अतिरिक्त निवेश करके अपनी 2.8 डॉलर बिलियन की कोविड-19 (COVID-19) पतझड़ की तैयारी योजना पर काम कर रही है, ताकि अस्पतालों में अतिरिक्त बेड और पूरे प्रांत में वैकल्पिक स्वास्थ्य फैसिलिटीज शामिल की जा सकें। प्रांत के मुताबिक, उपलब्ध अतिरिक्त बेड, सर्जिकल कामों में देरी (बैकलॉग) को कम करने और कोविड-19 के दौरान देखभाल तक पहुंच में सुधार करने में मदद करेंगे।

**पृष्ठभूमि**

दिसम्बर 2019 में, काउंसिल ने एक प्रस्ताव पास किया था, जिसमें बड़े फंडिंग अंतरालों, लंबे प्रतीक्षा समय और हॉलवे मेडिसिन सहित, ब्रैम्पटन के हेल्थ केयर सिस्टम की बेजोड़ और आवश्यक जरूरतों को पहचाना गया था। प्रस्ताव में पूरे हेल्थ केयर सिस्टम प्रदाताओं द्वारा तुरंत कार्रवाई की मांग की गई थी। जनवरी 2020 में, ब्रैम्पटन सिटी काउंसिल (Brampton City Council) ने ब्रैम्पटन में हेल्थ केयर एमरजेंसी (Health Care Emergency in Brampton) घोषित करने के लिए, सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पास किया था।

सिटी ने, ब्रैम्पटन के हेल्थ केयर सिस्टम के लिए अधिक फंडिंग और मदद के अनुरोध के लिए कई पहलकदमियां की हैं। इनमें शामिल हैं, ब्रैम्पटन के चुने हुए प्रतिनिधियों के सामने और सालाना एसोसिएशन ऑफ म्युनिसिपल्टीज ऑफ ओनटैरियो (Association of Municipalities of Ontario) (ए.एम.ओ.) कान्फरेंस में प्रतिनिधित्व करने और प्री-बजट सब्मिशन (Pre-Budget Submission) प्रक्रिया द्वारा सरकार की हिमायत करना। सिटी, ब्रैम्पटन की हेल्थ केयर संबंधी चिंताओं के लिए जागरूकता और मदद को बढ़ाने के लिए #फेयरडीलफॉरब्रैम्पटन हेल्थ केयर एडवोकेसी कैम्पेन (#FairDealForBrampton health care advocacy campaign) का भी प्रचार कर रही है।

**हवाले**

“ब्रैम्पटन के हेल्थ केयर सिस्टम में, काफी लंबे समय से बहुत ज्यादा भीड़ है और बेहद कम फंडिंग मिल रही है और हॉलवे मेडिसिन संकट, महामारी से और भी बढ़ गया है। हमें प्रांत से मदद की बेहद जरूरत है। हम प्रांत की पतझड़ तैयारी योजना के हिस्से के तौर पर, हमारे समुदाय के लिए सही दिशा में उठाए गए इस सकारात्मक कदम का स्वागत करते हैं, विशेषकर जब पील में अब कोविड-19 की दूसरी लहर है। ये नए अस्पताल बेड, ब्रैम्पटन सिविक में देखभाल तक पहुंच और कुशलता में सुधार करेंगे क्योंकि हम सिटी के उत्तर पश्चिम में नय अस्पताल शुरू कर रहे हैं। मैं, ब्रैम्पटन के निवासियों के लिए हेल्थकेयर में सुधार करने हेतु, ओसलर की पील मेमोरियल साइट निर्माण के फेज 2 का विस्तार करने के लिए, आज प्रीमियर द्वारा की गई घोषणा का स्वागत करता हूं।”

- *पैट्रिक ब्राउन (Patrick Brown), मेयर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

“हमारा समुदाय हेल्थ केयर तक बराबरी की पहुंच का हकदार है। हमने इसकी हिमायत की और ओनटैरियो सरकार ने उन कुछ दबावों को दूर करने में मदद की, जिनका हमारा शहर लगातार सामना कर रहा है। ब्रैम्पटन, कैनेडा में तेज़ी से बढ़ने वाला बड़ा शहर है। हमें लगातार प्रांतीय साझेदारियों और हमारे निवासियों के लिए आवश्यक देखभाल लाने में मदद की जरूरत है।”

- *रोएना सैन्टोस (Rowena Santos), चेयर, कम्युनिटी सर्विसिज; रीजनल काउंसलर, वार्ड्स 1 और 5, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

“नए अस्पताल बेड, हॉलवे हेल्थ केयर को खत्म करने के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। ब्रैम्पटन सिविक, इस समय हमारे समुदाय का एकमात्र अस्पताल है। चूंकि यह एक महत्वपूर्ण कदम है, हम प्रांत से हमारे शहर के लिए उपयुक्त हेल्थ केयर की मांग करना जारी रखेंगे।”

- *शार्मेन विलियम्स (Charmaine Williams), वाइस-चेयर, कम्युनिटी सर्विसिज; सिटी काउंसलर, वार्ड्स 7 और 8, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

“सिटी का स्टाफ, यह सुनिश्चित बनाने के लिए लगातार काउंसिल के साथ मिलकर काम कर रहा है कि ब्रैम्पटन को हमारे सरकारी साझेदारों से हेल्थ केयर में फेयर डील प्राप्त हो। हमें हमारे शहर में इस निवेश पर गर्व है। हम जानते हैं कि ब्रैम्पटन में हेल्थ केयर और जीवन क्वालिटी में सुधार करने के लिए, हमारे लिए मेहनत और हिमायत को जारी रखना आवश्यक है।”

- *डेविड बैरिक (David Barrick), चीफ एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

-30-

**कैनेडा में सबसे अधिक तेजी से बढ़ने वाले शहरों में से एक के तौर पर, ब्रैम्पटन 650,000 लोगों और 70,000 कारोबारियों का घर है।** हम जो भी करते हैं, लोगों को ध्यान में रखते हुए करते हैं। हम अपने विविध समुदायों से उत्साहित होते हैं, हम निवेश को आकर्षित करते हैं और हम तकनीक और वातावरण संबंधी नवीनता को आगे बढ़ाने के सफर पर हैं। हम एक ऐसा स्वस्थ शहर बनाने में प्रगति के लिए सहभागिता करते हैं, जो सुरक्षित, स्थिर व सफल हो। हमारे साथ Twitter, Facebook, और Instagram पर जुड़ें। www.brampton.ca पर और जानें।

BRAMPTON

Media Release

**मीडिया संपर्क**
मोनिका दुग्गल (Monika Duggal)
कोआर्डिनेटर, मीडिया एंड कम्युनिटी एन्गेजमेंट
स्ट्रैटजिक कम्युनिकेशन
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन
905-874-3426 | Monika.Duggal@brampton.ca